हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 22 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 उग्र भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग सड़क पर...



07 ईदगाह में गूंजी अमन की दुआ, अकीदत व भाईचारे...



### त्योहार ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम की

# मुल्क में शांति व भाईचारे की दुआ के साथ ईद-उल-फितर मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में ईदुल फितर का त्योहार साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। परम्परनुसार हर वर्ष की तरह जामा मस्जिद मेवाती मोहल्ला से मुस्लिम धर्मावलम्बी ईदुल फितर की नमाज़ के लिए ठाकुर मोहल्ला, चौक बाजार, गणपति चौराहा, शिवजी चौराहा, मां बगलामुखी रोड होते हुए ईदगाह मस्जिद परिसर पहुंचे। ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम साहब द्वारा ईद की नमाज़ अदा करवाई गई। नमाज़ के बाद देश मे आपसी भाईचारा और अमन शांति और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की गई।

### मंदिर के समीप ही ईदगाह परिसर है

मां बगलामुखी मंदिर के समीप ही ईदगाह परिसर है। ईदगाह और मंदिर जाने के लिए एक ही रास्ता है। नवरात्रि पर्व पर जहां मंदिर में हजारों की तादाद में भक्तजन दर्शन लाभ ले रहे थे। वहीं समीप ही ईदगाह में मुस्लिम धर्मावलम्बी नमाज़ अदा कर रहे थे। कितना सौभाग्य है कि मंदिर में साधना पर्व चल रहा है। वहीं समीप ही ईदगाह मस्जिद में दोनों जगह शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज़ अदा की जा रही थी। यहां प्रशासन एवं पुलिस को अलग से विशेष व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस तरह वर्षों पूर्व से चली आ रही नगर की साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम रही।

### क्षेत्रीय विधायक ने ईदगाह पहुंचकर समाजजनों को ईद की बधाई दी

सुसनेर विधानसभा से विधायक भेरूसिंह परिहार बापू ने ईद की नमाज़ के बाद ईदगाह परिसर पहुंचकर समाजजनों को ईद की बधाई दी। विधायक द्वारा सभी मस्जिद के इमाम शहर काजी, शहर सदर और वरिष्ठ समाजजनों को साफा और पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी। ईदगाह परिसर पर विधायक भेरूसिंह परिहार, प्रदेश कांग्रेस सचिव बंशीलाल पाटीदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेश पाटीदार, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल यादव, नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षद्वय राधेश्याम भालोट, रेवती अम्बावतिया, पार्षद देवेंद्र गुप्ता, विष्णु अटेडिया, विधायक प्रतिनिधि गिरिराज मौर्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## ईदगाह पर अदा की ईद-उल-फितर की नमाज, भाईचारे के साथ मनाया पर्व






**कानड़।** ईद-उल-फितर के मौके पर शनिवार को शिव पहाड़ी स्थित ईदगाह पर मुस्लिम समाज ने मिलकर ईद की नमाज अदा की। सभी लोगों ने नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। स्थानीय लोगों ने बातचीत में बताया कि एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद का दिन आता है, इसलिए इसका इंतजार हर किसी को रहता है। ये दिन अल्लाह की तरफ से एक खास इनाम होता है। पूरे महीने सब्र, इबादत और खुदा की बंदगी करने के बाद ये खुशी का दिन नसीब होता है। यही वजह है कि लोग इसे बहुत प्यार और इज्जत के साथ मनाते हैं।

**जगह जगह आयोजित हुआ ईद मिलन समारोह** - ईद पर नगर में कई जगह ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें पुराना बस स्टैंड स्थित रविदास मंदि के पास नगर सुरक्षा समिति के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंडी अध्यक्ष राजमल सोनी द्वारा




मुस्लिम समाज जनों को सरोफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनकर ईद की बधाई दी इस अवसर पर राणा रणजीत सिंह ,गौरीशंकर सूर्यवंशी,कैलाश मालवीय,प्रवीण सोनी,बाबू लाल सूर्यवंशी, मदन मारु आदि उपस्थित थे। नगर परिषद की तरफ से नगर परिषद चौराहे पर मुस्लिम समाजजनो का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी,पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल,कन्हैयालाल परमार, पार्षद विजयलक्ष्मी माली,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल, सरपंच अवतार सिंह गुर्जर,विकास शर्मा हरगनखेड़ी, कन्हैया लाल आदि द्वारा तथा भाजपा नेता कैलाश नारायण परिहार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी द्वारा भी मुस्लिम समाज जनों का स्वागत किया गया, आर्य कंपलेक्स पर पार्षद दरबार सिंह आर्य, जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह, द्वारा मुस्लिम समाज जनों का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया।मुस्लिम भाइयों ने हिंदू भाइयों को एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर भी हिंदू, मुस्लिम एकता की मिशाल देखने को मिली जहा मुस्लिम समाज जनों ने हिंदू भाइयों को ईद की बधाई दी।

• नलखेड़ा से पंजाब के लिए भेजा गया था गेहूं

# 5 दिन में गेहूं का ट्रक नहीं पहुंचा गंतव्य पर, हेरा फेरी की आशंका

• व्यापारियों ने पुलिस थाना पहुंचकर मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नलखेड़ा से एक गल्ला व्यापारी द्वारा नगर के ही एक ट्रांसपोर्ट के माध्यम से एक ट्रक में 353 क्विंटल गेहूं भरा था जोकि पंजाब के राजपुरा पहुंचना था, लेकिन पांच दिनों में ट्रक अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचा। व्यापारी द्वारा इस संबंध में पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज करवाई है जिसमें ट्रक के हेरा फेरी करने की आशंका व्यक्त की गई है। पुनीत ट्रेडर्स के मालिक पुनीत कुमार सुरेशचंद काठेड़ द्वारा शुक्रवार को नगर के अनाज व्यापारियों के साथ पुलिस थाने पहुंच कर दिए आवेदन में बताया कि उनके द्वारा गत 16 मार्च को एकता ट्रांसपोर्ट कंपनी नलखेड़ा जिनके मालिक उस्मान व अनीस हैं से ट्रक क्रमांक आरजे 52 जीए 1630 में 353 क्विंटल गेहूं भरा था जिसकी कीमत लगभग 8 लाख 96 हजार 620 रुपये है।

शिकायत में बताया गया कि उक्त गेहूं का सौदा स्वास्तिक कॉरपोरेशन कोटा को किया गया था एवं उनके बताए स्थान पंजाब के राजपुरा के लिए गेहूं से भरा ट्रक भेजा था। लेकिन गेहूं का यह ट्रक आज तक गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचा है। शिकायत में बताया गया कि इस संबंध में ट्रांसपोर्ट के मालिक को जानकारी दी गई तो वे संतोषप्रद जवाब नहीं दे रहे। शिकायत में संबंधित के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर गेहूं के ट्रक का पता लगाने की मांग की गई। उक्त मामले में शुक्रवार को अनाज दलहन तिलहन व्यापारी संघ द्वारा भी थाना प्रभारी नागेश यादव को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें उक्त गेहूं के ट्रक को शीघ्र अतिशीघ्र ट्रेस करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त मामले के बाद व्यापारी भयभीत हैं एवं इस प्रकार की घटना के बाद व्यापार करने से डर रहे हैं।

# हिंदू समाज ने ईद मिलन समारोह किया

**कानड़।** ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का बेहद खास त्योहार माना जाता है। पूरे महीने रोजे रखने के बाद मुस्लिम समाज ने ईद पर्व मनाया।ईद के अवसर पर शिवगढ़ में हिंदू समाज द्वारा मुस्लिम समाज जनों का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया। एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी ईद के पर्व पर नंदकिशोर शर्मा द्वारा कहा गया कि यह त्योहार खुशियां बांटने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संदेश देता है ईद पर्व पर लाल सिंह मार साहब ने कहा समय के हिसाब से इंसान को ढ़लना ही पड़ता है सभी मिलजुल कर रहे आपस में ताल मेल बनाकर रखें इस अवसर पर उपस्थित सरपंच शंकरलाल पूर्व सरपंच लालसिंह कुम्भकार, मालवीय सचिव मनीष शर्मा गजराज सिंह, केशर सिंह, बद्रीलाल, मुस्लिम समाज से, हाफिज शाजिद खान, मुमताज खां, वली मोहम्मद खां, करीम खां शाकिर खां सफी खान आदि हिंदू समाज और मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।




# बाल संत, चार धाम, 42 शक्तिपीठ व 12 ज्योतिर्लिंग की करेंगे दंडवत यात्रा

**नलखेड़ा।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस से विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर से वृंदावन से आये एक बाल संत द्वारा दंडवत यात्रा प्रारंभ की है जो चार धाम, 42 शक्तिपीठ एवं 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे। तीन दिन में बाल संत ने 6 किमी की यात्रा पूर्ण की है।



वृंदावन से आये ऋषभ ठाकुर बाल संत ऋषभदास जी द्वारा 19 मार्च नवसंवत्सर चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस नगर में स्थित पांडव कालीन सर्वसिद्धि मां बगलामुखी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपनी दंडवत यात्रा प्रारंभ की गई थी। बाल संत द्वारा दंडवत यात्रा के माध्यम से चार धाम, भारत मे स्थित 42 शक्ति पीठ एवं 12 ज्योतिर्लिंग पर पहुंचकर दर्शन किये जायेंगे। बाल संत की दंडवत यात्रा के साथ एक हाथ गाड़ी में ठाकुर जी भी विराजमान है जिनकी पूजा अर्चना करते है। शनिवार को बाल संत की दंडवत यात्रा ने लगभग 6 किमी की दूरी तय की थी। वे आमला-नलखेड़ा मार्ग पर लसुलड़यि जोड़ तक पहुंचे थे। दंडवत यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं भक्त उन्हें सहयोग प्रदान कर रहे है।

## राधेश्याम भालोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त



**नलखेड़ा।** शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा नियुक्त प्रदेश के 77 ब्लॉक अध्यक्ष में नलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर राधेश्याम भालोट को नियुक्त किया गया है। भालोट की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें बधाइयां देते हुए प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# मंत्री विजयवर्गीय व उप्र के उपमुख्यमंत्री पाठक ने मां बगलामुखी मंदिर में पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शनिवार को प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता एवं प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन पूजन कर विशेष हवन अनुष्ठान भी किये। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उन्होंने त्रिशूल मंडपम से माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर माता रानी को चुनर ओढ़ाई। विजयवर्गीय ने माता रानी से प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।





मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला ने विजयवर्गीय का माता रानी की चुनर ओढ़ाकर स्वागत किया। विजयवर्गीय ने विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। विजयवर्गीय मंदिर के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम भी पहुंचे जहाँ उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विजयवर्गीय के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा व प्रेम मस्ताना, शाजापुर नगरपालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी,भाजपा नेता जगदीश पाटीदार, दिनेश धूपिया ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया। शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सपत्नीक मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन पूजन उपरांत विशेष हवन अनुष्ठान किया। दर्शन पूजन के बाद मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला द्वारा माता रानी की चुनर ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

## ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने गणगौर पर्व पर शोभायात्रा निकाली



**नलखेड़ा।** भगवान परशुराम महिला मंडल ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में फूलपाती और शोभायात्रा निकाली गई। शुक्रवार को स्थानीय संतोषी माता मंदिर से गणगौर की पूजा के बाद फूलपाती की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। गणगौर की शोभायात्रा में बालिकाएं दूल्हा दुल्हन के रूप में शामिल थीं। प्रमुख मार्ग से शोभायात्रा नयापुरा स्थित शिव मंदिर पर पहुंची। जहां समापन हुआ। शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। समापन स्थल पर सभी महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# गणगौर तीज पर महिलाओं ने पूजा अर्चना कर पति की लंबी आयु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शनिवार को नगर में गणगौर पर्व मनाया गया। महिलाओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर ईश्वर से अपने पति की लंबी उम्र की कामना की गई। वहीं कुंवारी युवतियों द्वारा मनपसंद वर के लिए व्रत रखा गया। पर्व को लेकर महिलाओं ने नगर में चल समारोह भी निकाले। गणगौर के इस पर्व पर भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा विशेष रूप से की जाती है। गणगौर व्रत कुंवारी लड़कियां मन चाहे पति के लिए और विवाहिताएं पति की सुख समृद्धि तथा लंबी उम्र की कामना को लेकर रखती है। शनिवार को नगर में महिलाओं द्वारा बैड़ बाजे एवं ढोल ढ़माकों के साथ गणगौर तीज पर चल समारोह निकाला गया। नगर के कई स्थानों पर महिलाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। महिलाओं द्वारा हल्दी व मेंहदी का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा गणगौर माता को हल्दी व मेहंदी लगाकर अपने हाथों में भी मेंहदी लगाई गई। उसके उपरांत गणगौर माता की पूजन कर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में दूल्हा-दुल्हन आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं द्वारा ढोलक की थाप पर नृत्य किया गया।



### ग्राम में निकाली गई कलश व पोथीजी की शोभायात्रा

# चैत्र नवरात्रि में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ग्राम टिकोन स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेवजी के धाम पर चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 20 मार्च से प्रारंभ हुआ। भागवत कथा को लेकर ग्राम में कलश व पोथीजी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तगण अपने सिर पर पोथीजी धारण कर तथा महिलाएं मंगल कलश लिए शामिल रहीं। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कथा के इस आयोजन को लेकर बाबा का दिव्य दरबार आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया है।

ग्राम टिकोन में रामदेवजी महाराज का प्रसिद्ध स्थान स्थित है जहां पर रामदेव जी के सेवक श्री शिवनारायण पाटीदार प्रतिदिन बैठक कर भक्तों के दुख, कष्ट, संकटों का निवारण करते हैं। वहीं रामदेव जी की गादी से वर्ष भर की भविष्यवाणी भी भक्तों के समक्ष करते हैं। ऐसे दरबार में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पावन चैत्र नवरात्रि में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 20 मार्च से प्रारंभ हुआ जो की 27 मार्च तक चलेगा। श्रीमद् भागवत कथा के इस धार्मिक आयोजन को लेकर शुक्रवार को ग्राम टीकोन में कलश व पोथीजी की भव्याति भव्य शोभायात्रा बैंड बाजे एवं ढोल ढमाकों के साथ निकाली गई। जिसमें ग्राम सहित अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों के साथ बाबारी भक्तों द्वारा भाग लिया गया।







शोभा यात्रा में रामदेव धाम के गुरुजी शिवनारायण पाटीदार भी शामिल थे। 108 यजमान अपने सिर पर पोथीजी को धारण किए हुए थे वहीं 108 महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए यात्रा में शामिल रहीं। स्थान स्थान पर ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा ग्राम का भ्रमण कर श्री बाबा रामदेव धाम पर पहुंची जहाँ बाबा के सेवक शिवनारायणजी पाटीदार की उपस्थिति में 108 जोड़ो द्वारा संकल्प लिया गया। इसके पश्चयात 108 पंडितों द्वारा श्रीमद भागवत कथा का वाचन प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री द्वय इंदरसिंह परमार व गौतम टेटवाल विधायक अरुण भीमावद सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ईद पर हजारों ने सज्द ए शुक्र अदा किया



**देवास।** तीस रोजों का शुक्र अदा करने के लिए ईद के दिन ईदुल फितर की नमाज अदा कर बंदों ने अल्लाह के सामने झुक कर शुक्र का सजदा अदा किया। शाही ईदगाह राधागंज में शहर काजी देवास सीनियर मौलाना इरफान अहमद अशरफी साहब की सरपरस्ती में काजी नोमान अहमद अशरफी साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर उन्होंने तकरीर में कहा कि इस्लाम का परचम सैयदना इमाम हुसैन अलैहिस्लाम ने इतना बुलंद कर दिया कि कयामत तक इस्लाम का परचम बुलंद ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को हमारे मुल्क भारत से ठंडी और खुशबूदार हवाएं आती है।काज़ी नोमान अहमद अशरफी साहब ने सबसे आव्हान किया कि अपनी खुशियों में जरूरतमंदो को भी याद रखना चाहिए।ईद की नमाज के बाद देश की तरक्की और अमन शांति कायम रहे इसके लिए अल्लाह की बारगाह में दुआ की गई सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी।

### संस्थान में जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन संपन्न

**देवास।** श्री शीलनाथ धूनी संस्थान परिसर में स्थित महाराज जी के शयन कक्ष एवं ज्योत कक्ष के जीर्णोद्धार कार्य के लिए विधिवत भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। यह पूजन महंत संतोष नाथ जी महाराज के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। संस्थान के प्रबंधक दिलीप शर्मा ने बताया कि धूनी परिसर के महत्वपूर्ण हिस्सों के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अजीत भल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्य ट्रस्ट की देखरेख में भक्तजनों के सहयोग से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में महंत संतोष नाथ जी महाराज ने प्रथम आहुति के रूप में अपना योगदान भी प्रदान किया। साथ ही, उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस धार्मिक कार्य में सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में ट्रस्टी उपस्थित थे।

दुष्कर्म मामले पर बवाल: एफआईआर नहीं होने से आहत बेटे ने की आत्महत्या

# उग्र भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग सड़क पर शव रखकर किया चक्काजाम

### पुलिस अनुसार नाराज परिजनों को समझाकर करवाया शांत, प्रकरण किया जा रहा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली



जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ कथित दुष्कर्म की घटना सामने आई। पीड़िता के परिजन शुक्रवार रात शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, लेकिन वहां महिला अधिकारी के अभाव का हवाला देते हुए पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। परिजनों को अगले दिन आने के लिए कहा गया, जिससे परिवार में नाराजगी और तनाव बढ़ गया।थाने से लौटने के बाद पीड़िता का 19 वर्षीय बेटा इस घटना और पुलिस की प्रतिक्रिया से गहरे सदमे में चला गया। आरोप है कि उसने गांव पहुंचकर कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए बागली के अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद युवक का शव गांव लाया गया। इसके बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने पुंजापुरा-उदयनगर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कई घंटों तक सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई।चक्काजाम के दौरान भीड़ का गुस्सा बढ़ता गया और स्थिति हिंसक हो गई। आरोप है कि ग्रामीणों ने आरोपी के घर पर हमला कर उसकी झोपड़ी में आग लगा दी और मकान में तोड़फोड़ की। इसके अलावा पुलिस वाहन पर भी पथराव किया गया, जिससे मौके पर तनाव और बढ़ गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया और कई घंटों बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि आरोपी घटना के बाद से फरार है। बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस ने बताया कि मामले में नाराज परिजनों को समझाकर रास्ता खुलवाया गया है। मौके पर ही शून्य पर प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। पीड़िता ने पहले अपने बयान बदले थे, लेकिन



अब वह आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए तैयार हो गई है।

# प्रशासन ने जमीन चिन्हित कर वृद्धा का कराया अंतिम संस्कार

### गांव में श्मशान भूमि नहीं होने से परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के नागदा क्षेत्र के सातखोरी गांव में शनिवार को एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। घुमंतू समाज की गीता, पत्नी बालूमाथ, के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भूमि उपलब्ध नहीं थी।ग्रामीणों के अनुसार, पहले नागदा क्षेत्र में अंतिम संस्कार किए जाते थे, लेकिन इस बार निजी श्मशान भूमि होने के कारण अनुमति नहीं मिली।

इससे परेशान होकर ग्रामीण प्रशासन से मदद मांगने पहुंचे। इनकी समाज में मृत्यु के बाद शव दफनाए जाने की परम्परा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अभिषेक शर्मा, तहसीलदार, सीएसपी और औद्योगिक थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घुमंतू समाज के सदस्यों के साथ मिलकर मृतका के अंतिम संस्कार के लिए उनके घरों के पास एक उपयुक्त भूमि चिन्हित की और उपलब्ध कराई। इसके बाद बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

जानकारी अनुसार, मृतका का एक पुत्र गट्टू नाथ टीबी की बीमारी से पीड़ित है। उनकी मां भीख मांगकर उसका पालन-पोषण करती थीं। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि गट्टू नाथ का उपचार जिला चिकित्सालय में सुनिश्चित किया जाएगा।प्रशासन के त्वरित हस्तक्षेप और उचित समाधान से बुजुर्ग महिला को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई मिल सकी।

# गणगौर पर्व का आयोजन: महिलाओं की आस्था से महका नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटा फोड



नगर में गणगौर पर्व का पारंपरिक एवं भव्य उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए नगर के मुख्य बाजार से लेकर पुलिस थाना एवं नगर परिषद तक आकर्षक चल समारोह निकाला गया। सुबह से ही नगर का वातावरण ढोल-ढमाकों, बैंड-बाजों की सुमधुर धुनों और महिलाओं की मंगलध्वनियों से गुंजायमान हो उठा। चल समारोह में शामिल बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण की हुई थी। सिर पर इसर-पार्वती की सुशोभित प्रतिमाएं रखकर महिलाएं पूरे अनुशासन और श्रद्धा भाव के साथ नगर भ्रमण करती नजर आईं। पूरा रास्ता पुष्पवर्षा, रंग-बिरंगी चुनरियों और पारंपरिक गीतों से रौनकभरा दिखाई दे रहा था। प्राप्त जानकारी अनुसार माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने बैंड-बाजों के साथ सुव्यवस्थित जुलूस निकाला। चल समारोह नगर परिषद कांटाफोड़ परिसर में पहुंचा, जहां उत्साहपूर्वक हंसी-ठिठोली (झालर) एवं पारंपरिक रस्में निभाई गईं। इसी दौरान ब्राह्मण समाज एवं अन्य समाज की महिलाएं अलग समूह के रूप में पुलिस थाना परिसर पहुंचीं, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारंपरिक विधि-विधान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं और नवविवाहित महिलाओं ने भी सहभागिता निभाई। गणगौर पर्व का महत्व बताते हुए स्थानीय महिलाओं ने कहा कि यह 16 दिवसीय पर्व स्त्रियों की आस्था, श्रद्धा और परिवारिक समृद्धि का प्रतीक है। वे देवी इसर-पार्वती की पूजा अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-शांति और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ करती हैं। प्रतिदिन की पूजा-अर्चना, गीत, नृत्य और सामाजिक सहभागिता इस पर्व को और भी विशेष बनाती है। ज्ञात रहे कि गणगौर का यह पावन पर्व अंतिम दिवस पर बड़ी सुंदर परंपरा 'गणगौर विसर्जन' के साथ पूर्ण होता है। महिलाएं इसर-पार्वती की मूर्ति को नदी या सरोवर के तट पर ले जाकर 'पानी पिलाने' की रस्म निभाती हैं, जो समृद्धि और नए उत्साह का प्रतीक मानी जाती है। पर्व के अवसर पर नगर में सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस एवं नगर परिषद का उचित सहयोग भी देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों ने भी रास्तों पर स्वागत द्वार सजाकर और पुष्पवर्षा करते हुए महिलाओं का सम्मान किया।गणगौर पर्व के इस भव्य आयोजन से पूरा कांटाफोड़ क्षेत्र पारंपरिक संस्कृति, महिला शक्ति और सामाजिक सौहार्द की अनोखी छटा से निखर उठा।

### अवैध शराब माफिया के विरुद्ध थाना कमलापुर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

**चापडा।** नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत , पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद,अति. पुलिस अधीक्षकग्रामीण सोम्या जैन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय सिंह बेस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा कमलापुर एवं उनकी टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम भीलआमला के जंगलों में अवैध रूप से नाले में भट्टी लगाकर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब का बड़ी मात्रा में निर्माण किए जाने वाले अड्डे पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब जप्त कि गई। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि सूचना के आधार पर ग्राम भीलआमला के जंगल में पुलिस दल के साथ पहुंचे और के जंगल में नालो के किनारे हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब बनाने की दो भटियां चल रही थी, जहां पर दबिश दी गई,इस दौरान आरोपी रवि बामनिया मौके से फरार हो गया। मौके पर काफी मात्रा में शराब एवं शराब बनाने की सामग्री महुआ लहान गुड तथा बर्तन सहित करीब 70 लीटर शराब कीमती 7000 रुपये की मिली जिसे मौक़े से जप्त की गई। इसके अलावा मौके पर ही शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया मौक़े से फरार आरोपी रवि पिता सुखराम बामनिया निवासी भीलआमला के विरुद्ध थाना कमलापुर पर धारा 34 दो आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी रवि बामनिया को पुलिस लगातार तलाश कर रही है। उक्त कार्यवाही में उनि सर्जनसिंह मीणा थाना प्रभारी कमलापुर ,स उ नि भीमलाल गणावा ,प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रधानारक्षक अर्जुन सिंह, आरक्षक अरुण वर्मा,आरक्षक विवेक गांगे ,सैनिक रविन्द्र मालवीय का सराहनीय योगदान रहा।

# ब्लॉक अध्यक्ष मीणा पहुंचे कांटाफोड़, भट्ट और होलानी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड





नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मीणा ने अपने प्रथम दौरे में कांटाफोड़ नगर पहुंचकर क्षेत्र के गद्दावर नेता स्व. प्रेमनारायण भट्ट के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

मीणा ने भट्ट के जीवन परिचय, सामाजिक योगदान और सरल व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि—"भट्ट जी ने हमेशा संगठन और समाज को नई दिशा दी। उनका मार्गदर्शन आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है।"भट्ट को नमन करने के बाद मीणा सीधे पूर्व विधायक स्व. श्याम होलानी के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान क्षेत्र के लोकप्रिय नेता और पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी गोपाल भोसले, पीसीसी सदस्य मनोज होलानी, पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल पुरोहित, अभिषेक भट्ट, अभिषेक जोशी, धर्मेंद्र मालवीया , पार्षद प्रतिनिधि अरुण राठौर डॉ नंदकिशोर शर्मा अर्पित जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। होलानी निवास पर मीणा के पहुंचने से पूरे माहौल में सम्मान, श्रद्धा और संगठन की एकता का भाव स्पष्ट नजर आया। कार्यकर्ताओं में उत्साह—नई ऊर्जा के साथ शुरू हुई मीणा की नेतृत्व यात्रा ,जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत किया गया। हर वर्ग ने मीणा के प्रति विश्वास जताते हुए उन्हें संगठन को नई दिशा देने का संकल्पमय सहयोग देने की बात कही। मीणा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा—"यह सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। क्षेत्र के हर नागरिक, हर कार्यकर्ता की उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता है।"कांटाफोड़ में मीणा के प्रथम आगमन के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा, उत्साह और एकजुटता की लहर देखने को मिली।

# रोजों के बाद मीठी ईद का जश्न, नगर में छाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा पवित्र माह रमजान में एक माह तक रोजे रखने के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह तालिब शाह वाले बाबा की दरगाह से ईदुल फितर का जुलूस निकाला गया, जो एमजी रोड होते हुए नगर स्थित ईदगाह पहुंचा।ईदगाह पर जामा मस्जिद बड़ा मोहल्ला के पेश इमाम हाफिज आसिफ रजा साहब ने नमाज अदा कराई, वहीं नन्हा मोहल्ला मस्जिद ग्राउंड पर काजी अब्दुल वहाब खान साहब द्वारा नमाज अदा कराई गई। इस अवसर पर इमामों ने ईद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए तथा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते हुए आपसी भाईचारे के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार एवं थाना प्रभारी अनिता सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं।इस अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली, जहां दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं।नगर परिषद कार्यालय के बाहर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा सहित पार्षदों एवं कर्मचारियों द्वारा मुस्लिम काजियों, सरपंचों एवं पार्षदों का साफा बांधकर व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।वहीं ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर भी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व अध्यक्ष नगजीराम यादव सहित अन्य नेताओं ने मुस्लिम जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर ईद की शुभकामनाएं दीं।

विकास नगर में चैत्र नवरात्रि महोत्सव की धूम, नौ दिवसीय आयोजन का भव्य आगाज

# किन्नर समाज ने मां भगवती की पूजा कर उतारी आरती





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विकास नगर क्षेत्र में पहली बार नौ दिवसीय भव्य नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत उत्साह और श्रद्धा के साथ हुई। जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित इस महोत्सव में पहले ही दिन से श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता देखने को मिली।संयोजक अजय तोमर एवं अध्यक्ष सुदेश सांगते ने बताया कि माता की प्रतिमा को चल समारोह के रूप में शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक लाया गया। 19 मार्च को विधिवत घट स्थापना के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ।प्रारंभिक दिन नगर की बालिकाओं एवं मातृशक्ति द्वारा आकर्षक गरबा प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं रात्रि में संगीतमय आरती का आयोजन किया गया।

खास बात यह रही कि किन्नर समाज द्वारा माँ भगवती की विशेष आरती की गई, जिसने पूरे आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन गरबा महोत्सव के साथ विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 24 से 26 मार्च तक भजन संध्या का आयोजन होगा, जबकि 27 मार्च को महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।समापन अवसर पर भव्य झांकी एवं गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा, जो सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक पहुंचेगा। आयोजन स्थल वीर सावरकर चौराहा, विकास नगर निर्धारित किया गया है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं।

# बाबा श्याम कीर्तन में जमकर उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

चैत्र कृष्ण पक्ष हिंदू नव वर्ष की शुरुआत के साथ बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या श्याम प्रेमियों द्वारा नगर के बस स्टैंड पर आयोजित की गईं, जिसमें भव्य दरबार, 56 भोग, पुष्प वर्षा, आलौकिक श्रृंगार व इत्र केसर की वर्षा की गई। कार्यक्रम मे प्रसिद्ध भजन गायक कान्हा व्यास ,ऋषिका ठाकुर एवं अमित पारीक द्वारा श्री श्याम भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे पहुंचे एवं कीर्तन का लाभ लिया। कार्यक्रम का आयोजन भौरासा श्याम परिवार द्वारा किया गया था।

### होटल, ढाबों और दुकानों में धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल

# नियमों की धज्जियां: घरेलू गैस का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर में गैस एजेंसी पर उपभोक्ता की बढ़ती भीड़ के साथ ही होटल, ढाबों और दुकानों में धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है। शायद कोई देखने और टोकने वाला नहीं है यही कारण है कि कायदे-कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

घरेलू गैस खासकर सब्सिडी वाले सिलेंडर की कालाबाजारी का कारोबार खूब फल-फूल रहा है लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। चर्चा है कि शहर में इन दिनों चाय व मिठाई की दुकानों समेत पोहा समोसे बेचने वाले खुलेआम घरेलू ग्राहकों के हिस्से का गैस प्रयोग कर रहे हैं। बावजूद इस पर अंकुश लगाने के प्रति जिम्मेदार विभाग और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के कई क्षेत्रों और बाजारों और प्रमुख चौराहों पर स्थित चाय की दुकानों व ठेले पर चाय नाश्ता बनाने वाले प्रतिदिन घरेलू गैस से ही अपना कारोबार कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने जिम्मेदार विभाग समेत प्रशासन से घरेलू गैसों का दुरूपयोग रोके जाने की दिशा में जरूरी कदम उठाने की मांग की है। दरअसल घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम में अंतर है। वर्तमान में घरेलू उपभोग के का सिलेंडर में 14 किलो गैस आती है जबकि व्यावसायिक सिलेंडर में 19 किलो गैस आती है। इस पर सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में सब्सिडी वाले सिलेंडर की गैस सस्ती कीमत में आंकी जाती है। जबकि व्यावसायिक लगभग 100 रुपये प्रतिकिलो पड़ती है।

### 250 व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं

शहर में संचालित भारत गैस एजेंसी के मैनेजर अजय प्रजापति ने बताया कि नगर में व्यावसायिक गैस के कनेक्शन लगभग 250 से 270 हैं बावजूद इसके महीने में मात्र 12 से 15 ही व्यवसायिक सिलेंडर लोगों द्वारा खरीदे जाते हैं। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर की खपत हर महीने 7 हजार से अधिक होती है। सूत्रों की माने तो कई होटल ढाबे संचालक व्यावसायिक सिलेंडर का कनेक्शन तो लेते हैं लेकिन एक बार नीले रंग का सिलेंडर (व्यावसायिक) लेने के बाद इसमें घरेलू सिलेंडर से गैस रि-फीलिग कराते हैं। यह सब इसलिए किया जाता है कि कहीं कोई शिकायत न करे।

#### नाम मात्र की खपत

शहर के कई घरेलू गैस उपभोक्ता अपने निजी स्वार्थ के चलते अपनी डायरी के सिलेंडर होटल ढाबों संचालकों को दिलवा देते हैं। जिसके कारण व्यवसायिक सिलेंडर की बिक्री हर महीने नाम मात्र की होती है।

**अजय प्रजापति**
मैनेजर भारत गैस एजेंसी

#### कार्रवाई करेंगे

जल्द घरेलू गैस का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी।

**गोपाल चौहान**, प्रभारी आपूर्तिकारी
एवं नायब तहसीलदार सारंगपुर

# स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी: बिल जमा करने के बाद भी सैकड़ों घरों में अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन इसकी सही जानकारी के अभाव में अब उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अचानक सैकड़ों उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बाधित हो गई, जिससे कई इलाकों में अंधेरा छा गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें न तो बिल की समय पर जानकारी दी गई और न ही भुगतान की अंतिम तिथि के बारे में अवगत कराया गया। उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद न तो कोई मीटर रीडिंग लेने आया और न ही विभाग की ओर से बिल दिया गया। जब इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि बिल की जानकारी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भेजी जाती है, और उसी के अनुसार समय पर भुगतान करना आवश्यक है।

#### मोबाइल न होने से बढ़ी परेशानी

कई उपभोक्ताओं के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं होने के कारण उन्हें बिल की जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे वे समय पर भुगतान नहीं कर पाए और उनकी बिजली काट दी गई। इससे ग्रामीण एवं बुजुर्ग उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी।

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब कई उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन या बिजली कार्यालय जाकर बकाया बिल जमा कर दिया, इसके बावजूद उनकी बिजली सप्लाई चालू नहीं की गई। जब उपभोक्ता शिकायत लेकर बिजली विभाग पहुंचे, तो उन्हें जवाब मिला कि स्मार्ट मीटर की बिजली चालू-बंद करने का नियंत्रण स्थानीय स्तर पर नहीं है, बल्कि यह प्रक्रिया भोपाल से संचालित होती है। इस कारण कई उपभोक्ताओं को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी और अगले दिन सुबह जाकर बिजली बहाल हो सकी। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा गया और वे अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

फरवरी माह का बिल बकाया होने के कारण लगभग 100 उपभोक्ताओं की बिजली बंद की गई थी। बिल की सूचना उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भेजी जाती है। यदि कोई उपभोक्ता साधारण मोबाइल उपयोग करता है, तो उसे विभाग द्वारा सूचित किया जाएगा।

**उमेश मिश्रा, जेई, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, सारंगपुर**

# पुलिस की तत्परता से 18 घंटे में नाबालिग बालिका सकुशल बरामद



**सारंगपुर।** पुलिस ने अपनी सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए नाबालिग अपहृत बालिका को महज 18 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्यवाही से परिजनों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार 18 मार्च को फरियादी बाबूलाल पिता सिद्दूलाल धनगर (75 वर्ष), निवासी बागकुआ टंकी, सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग भांजी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारंगपुर के बाहर से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 207/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते एसडीओपी अरविंद सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए उज्जैन पहुंचकर बालिका को सुरक्षित बरामद किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि परीक्षा का अंतिम पेपर होने के बाद अच्छे अंक प्राप्त करने की कामना से वह बिना बताए बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन चली गई थी। पुलिस ने बालिका को महज 18 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक दीपक परमार उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया आरक्षक मो इरशाद खान सत्येन्द्र रघुवंशी कैलाश लोधी माखन राठौर धर्मेन्द्र जायसवाल की भूमिका रही।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग




**सुठालिया।** ब्यावरा के सुठालिया क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी बैटरियों में धमाके हुए और करीब एक लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। यह घटना मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित दुकान में हुई। प्रधानी कुंडल निवासी हिम्मत सिंह लोधी की यह ऑटो पार्ट्स दुकान दूसरी मंजिल पर स्थित है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग व पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल राहौरिया और एएसआई आशीष दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आग से प्रभावित हो रहे सामान को सुरक्षित निकालने में सहयोग किया। दमकल दल ने भी मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस घटना में दुकान का काफी सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# आबिद हुसैन लोदी पुनः बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष



**सारंगपुर।** कांग्रेस संगठन द्वारा जारी नई सूची में वरिष्ठ नेता आबिद हुसैन लोदी को पुनः शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश तथा वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा पर लिया गया। लोदी की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनके पूर्व कार्यकाल के अनुभव, संगठन क्षमता और सक्रियता को देखते हुए उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को उठाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी कार्यशैली सभी को साथ लेकर चलने वाली रही है, जिससे वे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं।

# तेज रफ्तार कार इंदर चौराहा पर स्ट्रीट लाइट के पोल में जा घुसी



**जीरापुर।** नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा पर गुरुवार की रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार स्ट्रीट लाइट के पोल में सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी की कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और पोल टूट कर नीचे गिर गया। कार की गति तेज होना स्पष्ट होता है क्योंकि कार के एयरबैग खुलने से सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी। टक्कर के बाद जोर से धमाका हुआ जिससे आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए! हालांकि टक्कर के तुरंत बाद कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्ट्रीट लाइट का पोल टूट कर निचे गिर गया और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार हरियाणा की बताई जा रही है जिसके नम्बर एच आर 700--2384 है ,जो क्षेत्र में गेहूं काटने की हार्वेस्टर लेकर आए हैं। इस मामले में पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। उक्त स्ट्रीट लाइट का पोल इंदर चौराहा पर मध्य में लगा हुआ था कार चालक ने सीधे पोल में टक्कर मारी।

### ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा।** ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र पर हिंदी नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मधु दीदी जी ने कहा कि हम सभी आदि सनातन देवी देवता धर्म की कुल की आत्माएं है। हमारे अंदर भी अष्ट शक्तियां, देवी गुण हैं अगर इन्हीं गुणों और शक्तियों को सदैव याद रखें तो कभी भी जाति, धर्म, रंग, रूप का भेदभाव नहीं होगा, क्योंकि देवताओं के अंदर प्रेम और सद्भावना पवित्रता होता है। उनके चेहरे और चालान बहुत रॉयल होते हैं। तभी तो हम मंदिरों में उनकी पूजा करते हैं। अगर सभी शक्तियां और गुण हमारे अंदर भी आ जाए तो हम कभी दुखी निराश या कमजोर नहीं करेंगे ऐसे दीदी ने हमें ज्ञान की बातें सुनाइए। और इसी कड़ी में ब्यावरा सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सभी को नीम के पते, मिश्री का प्रसाद दिया और अर्थ बताते हुए का की कड़वाहट के साथ-साथ मिठास भी जीवन में जरूरी है। नीम के पते हमारे शरीर की आंतरिक कीटाणु को भी नष्ट करता है वही मिश्री मिठास भरता है और ठंडकता भी देता है। यह जीवन का बैलेंस है।

# बोहरा समाज ने ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई



**सारंगपुर।** बोहरा समाज द्वारा गुरुवार को सुबह 6:45 बजे बोहरावाड़ी मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। नमाज की अगुवाई आमिल शेख यूनुस भाई ने की। इस दौरान उन्होंने देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ की।

माह-ए-रमजान के पूरे 30 दिनों तक समाज के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक सभी ने रोजे रखकर इबादत की। मस्जिद और जमातखाने में लगातार 30 दिनों तक इबादत का दौर चला, साथ ही समाज की ओर से भोजन, चाय और बिस्कुट की व्यवस्था भी की गई। अपने संदेश में आमिल ने समाजजनों से अपील की कि वे जुआ, ब्याज, शराब और सिगरेट जैसी बुरी आदतों से दूर रहें, जरूरतमंदों की मदद करें तथा आपसी लड़ाई-झगड़ों से बचते हुए प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करें। उन्होंने सभी को ईमानदारी से व्यापार और व्यवसाय करने की भी प्रेरणा दी। नमाज के बाद सभी समाजजनों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर शेख अब्बास भाई, शेख अता हुसैन, शेख मोइज, कुर्बान, मुजफ्फर, शब्बीर , मुस्तफा, जाकिर सैफी, हातिम अली, जूजर सैफी, तैयब सैफी, अली असगर पेटीवाला सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# जल संवर्धन अभियान शुरू



**जीरापुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल बचाओ जल का संवर्धन करने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर के छापी बांध पर जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक नगर परिषद कर्मचारियों ने जल स्त्रोत पर साफ सफाई की। जय स्त्रोत के संरक्षण एवं पुनः उद्धार एवं जल स्त्रोतो को बढ़ाने के लिए एक पहल की। जनभागीदारी से पुराने तालाबों का गहरीकरण करना है ।बांध से शुरू किए अभियान में विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरीओम शर्मा, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय , हनुमान तिवारी, वरिष्ठ जन दिनेश नागर, प्रवीण गुप्ता बकानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगर में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर में शुक्रवार को 1857 की वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोधा-लोधी समाज द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई और साज-सज्जा से हुई। समाजजनों ने रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की सफाई कर परिसर को सजाया। इसके बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने रानी अवंतीबाई लोधी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया। उनका बलिदान आज भी समाज को देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देता है। लववंशी ने युवाओं से वीरांगना के आदर्शों को अपनाने और समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुठालिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ समाजसेवियों और प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने मनाया गौतम ऋषि का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगर इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को बालाजी गार्डन में अपने आराध्य देव भगवान गौतम ऋषि का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। सभी समाज जनों एवं महिलाओं ने मिलकर विधि विधान के साथ भगवान गौतम ऋषि का पूजन कर महा आरती की गई। समाज की ओर से भगवान गौतम ऋषि का विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर पूजा अर्चना कर समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी एवं समाज जनों की ओर से समाज के वरिष्ठ पंडित सत्यनारायण शर्मा, डॉ केके शर्मा, बीएल शर्मा, भगवत शरण व्यास सुरेश शर्मा सहित अन्य वयोवृद्ध समाज जनों शाल श्रीफल से एवं प्रतिभावान बच्चों का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। वहीं बालाजी मैरिज गार्डन के प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चंद्र वर्मा का सम्मान भी किया गया साथ ही समाज की बुजुर्ग महिलाओं का भी महिला मंडल की ओर से सम्मान किया गया एवं समाज के वरिष्ठ पंडित चंद्र मोहन व्यास का जन्मदिन भी समाज जनों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया आभार समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने माना। इस दौरान समाज की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए पुनः आशीष त्रिपाठी को अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने महर्षि गौतम की जयंती मनाई



**जीरापुर।** स्थानीय गुर्जर बाहमण समाज द्वारा श्री महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाई गई। गौतम वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत। तत्पश्चात नगर में विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से निकाली। जिसमें चलित झांकी महिला पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तत्पश्चात समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान स्थानीय विधायक की उपस्थिति में किया गया। समाज द्वारा रामायण परायण का पाठ भी धर्मशाला में किया गया। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी की भी पुन नियुक्ति हुई है जिसमें सर्वसम्मति मनोज उपाध्याय को अध्यक्ष पद के रूप में नियुक्त किया गया शेष कार्यकारिणी गत वर्ष की भांति ही सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी एवं जिला गुर्जर गोंड ब्राह्मण महासभा द्वारा वंदना शर्मा को जिला उपाध्यक्ष एवं रश्मि उपाध्याय को तहसील अध्यक्ष जीरापुर नियुक्त किया गया। समाज कोषाध्यक्ष घनश्याम तिवारी ने वार्षिक आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया तथा समाज के सदस्य रामेश्वर दयाल तिवारी एवं हनुमान प्रसाद जोशी ने समाज उत्थान एवं धर्मशाला के निर्माण तथा रखरखाव की बात रखी। संचालन पं. अनुराग आचार्य ने किया। उपरोक्त पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ठ जनों एवं इष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रदान की गई।

### बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में ऑटो चालकों की बैठक आयोजित, शपथ दिलाई गई



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा थाना क्षेत्र में सभी ऑटो चालकों को थाने पर आमंत्रित कर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभी ऑटो चालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिनमें वाहन चलाते समय सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, तेज गति से वाहन न चलाने, समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने तथा सार्वजनिक मार्गों पर ऑटो खड़ा न करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे सायबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही नशा मुक्ति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।